हबीबगंज : कार में सवार युवक घायल , परिजनों को सौंपा शव

तेज रफ्तार कार आरबीआई गेट से टकराई ,बैंककर्मी युवती की मौत

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार आरबीआई गेट से टकरा गई। घटना बुधवार देर रात तीन बजे बिट्टन मार्केट के पास की हैं। हादसे में कार सवार युवती की मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा घायल हो गया। इसके अलावा कार सवार अन्य दो दोस्त उन्हें छोड़ कर भाग गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को अस्पताल पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पोस्टमार्टम के बाद परिजन सतना रवाना

जानकारी के मुताबिक पारुल दाहिया (25) पुत्री अनिल दाहिया निवासी सतना कोलार इलाके में स्वस्तिक अपार्टमेंट में रहती थी। वह एचडीएफसी बैंक में काम करती थी। वह भोपाल में ही रहकर वर्क फ्रॉम होम कर रही थी। बुधवार देर रात दोस्तों के साथ कार से कहीं जा रही थी। कार में पारुल के साथ तीन अन्य दोस्त भी सवार थे। रात करीब 3 बजे कार अनियंत्रित होकर बिट्टन मार्केट के आगे आरबीआई गेट से टकरा गई। घटना के बाद कार में सवार दो दोस्त निकलकर भाग गए। एक दोस्त घायल हो गया, जबकि पारुल गाड़ी में रह गई।

राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों पारुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल युवक को जेके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की सूचना पर परिजन भोपाल पहुंचे। फिलहाल, पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर सतना चले गए।

वाहन की टक्कर से स्कूली छात्र की दर्दनाक मौत

भोपाल। गांधी नगर इलाके में बुधवार सुबह बाइक सवार ग्यारहवीं के छात्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले वाहन का फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि लक्की मीणा पुत्र घनश्याम मीणा (17) शारदा नगर लांबाखेड़ा का रहने वाला था। वह बैरागढ़ स्थित केंद्रीय विद्यालय में 11वीं में पढ़ता था।

कार्यालय दीपक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

(पंजीयन क्रमांक / डी. आर. बी. / 187, दिनांक 03.11.1980)
क्रमांक/निर्वा./2023 /क्यू दिनांक : 19.01.2023

विशेष साधारण सम्मेलन की सूचना

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों की सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत विशेष साधारण सभा दिनांक 03.02.2023 को दिन शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे से स्थान – **परशुराम मंदिर लिंक रोड नंबर 2, 5 नंबर बस स्टॉप, शिवाजी नगर भोपाल** पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार नामांकन पत्र दिनांक 27/01/2023 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे तथा दिनांक 27/01/2023 को दोपहर 12:00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 28/01/2023 को दोपहर 02:00 से 04:00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे, उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थान संस्था कार्यालय एचआईजी 51 शिवाजी नगर भोपाल में किया जावेगा, तत्पश्चात उम्मीदवादों की सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अलका तिग्गा द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से डाक द्वारा भेजी गई है।

अध्यक्ष
दीपक नगर गृह निर्माण
सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांकः- झाँसी/एच/जी.27/हाउस सर्जन/चयन — दिनांकः 17.01.2023

अधिसूचना

मंडल रेलवे चिकित्सालय, उ.म.रे. झाँसी में हाउस सर्जन के कुल 08 स्वीकृत है। उक्त पद कार्य करने हेतु प्रत्येक माह में प्रथम कार्य दिवस (वर्ष 2023) अपरान्ह 15.00 बजे से आयोजित प्रवेश साक्षात्कार (Walk-in-Interview) के उपरांत नियमानुसार चयन किया जाएगा। निर्धारित तिथि को आवेदक सादे कागज पर दिए गए प्रारुप पर उल्लिखित सूचना एवं सभी आवश्यक अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रति सहित, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, झांसी में जमा करेंगे। चयन के समय पद रिक्त न होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को चयनित कर, प्रतिक्षा सूची के एक पैनल में रखा जाएगा, जो चयन की तिथि से छह माह तक वैध होगा। इस पैनल से वरिष्ठता के आधार पर चिकित्सालय में समय-समय पर होने वाली विभिन्न चिकित्सा विषयों की रिक्तियों को भरा जाएगा। यह विज्ञापन सूचना प्रकाश की तिथि से एक वर्ष तक वैध रहेगा।

आयु सीमा- साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट दी जाएगी।

न्यूनतम योग्यता- एम.बी.बी.एस. (चिकित्सा स्नातक) अभ्यर्थी को भारत के किसी राज्य चिकित्सा काउंसिल में पंजीकृत तथा अनिवार्य इंटर्नशिप साक्षात्कार की तिथि से पूर्व पूरा किया होना चाहिए।

मानदेय- मंडल रेलवे चिकित्सालय, झांसी में इंगेज्ड हाऊस सर्जन को उत्तर प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत मेडिकल रेजीडेंट (प्रथम वर्ष) हेतु निर्धारित वेतन के समान होगा।

आवश्यक प्रमाण पत्र- (1) शैक्षणिक योग्यता की अंक तालिका (हाई स्कूल, एम.बी.बी.एस. के सभी प्रोफेशनल परीक्षा परिणाम की छाया प्रति (2) अटेम्प्ट प्रमाण-पत्र (3) इंटर्नशिप कम्पलीशन प्रमाण-पत्र (4) एम.सी.आई. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र (5) आयु प्रमाण पत्र (6) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र।

नियम व शर्ते-

1. चयनित अभ्यर्थी को सूचना प्राप्ति के 07 दिन के अंदर मंडल रेलवे चिकित्सालय, झांसी में रिपोर्ट करना अनिवार्य है।, 2. हाऊस जॉब का सत्र नियुक्ति तिथि से एक वर्ष के लिए होगा, प्रत्येक एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्य के मूल्यांकन के पश्चात कार्य संतोषजनक होने तथा अभ्यर्थी की सहमति पर अगले एक वर्ष के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.म.रे. झाँसी द्वारा अवधि विस्तार के लिए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक को अग्रेषित किया जा सकता है।, 3. इंगेज्मेंट अवधि में प्राईवेट प्रैक्टिस पूर्ण रुप से प्रतिबंधित होगा।, 4. स्वयं की बीमारी की अवस्था में बहिरंग सेवाओं का निःशुल्क उपचार मंडल रेलवे चिकित्सालय, झाँसी में होगा।, 5. एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान आठ दिन का अवकाश देय होगा।, 6. हाऊस सर्जन को बहिरंग एवं अंतरंग ड्यूटी के साथ आपातकालीन ड्यूटी भी करनी होगी एवं ड्यूटी के दौरान चिकित्सालय में उपस्थिति अनिवार्य होगी। ड्यूटी के कार्यकाल का निर्धारण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, झाँसी के निर्देशानुसार किया जाएगा।, 7. इंगेजमेंट के पश्चात् कार्य भार ग्रहण करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा और न ही कोई रेलवे पास दिया जाएगा।, 8. चौदह दिन की अग्रिम सूचना (दोनो पक्ष में से किसी भी द्वारा) देने के पश्चात् सेवा समाप्त की जा सकती है। हाऊस सर्जन की तरफ से सूचना देने के उपरांत अनुपस्थित रहने की स्थिति में पूर्व किए गए कार्य की अवधि में से 15 (पंद्रह) दिन के वेतन की कटौती कर ली जाएगी।

आवेदन पत्र का प्रारुप- नाम, पिता/पति का नाम, स्थायी एवं अस्थायी पता, मोबाइल नं./टेलीफोन, दो पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो (स्वहस्ताक्षरित), जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, इंटर्नशिप पूर्ण होने की तिथि, हाई स्कूल परीक्षा का अंक प्रमाण पत्र, एम.बी.बी.एस. डिग्री/प्रमाण पत्र, एम.बी.बी.एस. के फाईनल परीक्षाफल का प्रमाण पत्र, प्रत्येक विषय के परीक्षा उत्तीर्ण करने में अतिरिक्त प्रयासों की संख्या, इंटर्नशिप प्रमाण पत्र, एम.सी.आई. पंजीकरण, अ.ज./अ.ज.जा. से संबंधित प्रमाण पत्र की छाया प्रतियाँ अवश्य संलग्न करें। मौखिक परीक्षा के समय सभी मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। यह विज्ञापन उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **www.ncr.indianrailway.gov.in** पर उपलब्ध है। 91/23 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @ CPRONCR

वाहनों के कांच तोड़कर चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय, एक दिन में की दो वारदात

भोपाल। राजधानी में एक बार फिर चार पहिया वाहनों के कांच तोड़कर रुपये चुराने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। एक दिन में कार का कांच तोड़ने की दो वारदातें सामने आई हैं। एमपी नगर थाने के एएसआई गंगा सिंह के मुताबिक होशंगाबाद रोड निवासी विशाल वर्मा ठेकेदारी करता है , वह अपनी कार से किसी काम से एमपी नगर आए थे। उन्होंने अपनी कार को एमपी नगर में यस बैंक के सामने पार्किंग में खड़ी कर दी थी और यस बैंक के पीछे काम निपटाने चले गए थे। थोड़ी देर बाद वह वापस लौटे तो देखा कि उनकी कार का पीछे का कांच अज्ञात आरोपी ने फोड़ दिया था। उनकी कार में बैग से नकद 35 हजार रुपये , हैडबैंग और उसे एटीएम, पेन कार्ड और जरूरी दस्तावेज चोरी हो चुके थे।

एक घंटे दूसरी वारदात को दिया अंजाम : इसी तरह से दूसरी वारदात 500 मीटर दूर मनोहर डेयरी के पास हुई। जहां अश्विनी लाल किसी काम से आए थे। इस दौरान वे अपना बैग कार में छोड़ गये थे। थोड़ी देर बाद वापस आकर देखा था तो कार का से उनका सामान चोरी हो चुका था। उसमें चार हजार और पेन कार्ड चोरी हो गया था। बाद में उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कराया हैं।

नशे पर प्रहार, चरस, गांजा के साथ अवैध शराब भी जब्त

मंगलवारा, शाहजहांनाबाद और गांधीनगर इलाके में सामने आईं घटनाएं

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

राजधानी में पुलिस ने तीन अलग-अलग क्षेत्रों से गांजा, चरस के अलावा अवैध शराब बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। वह गांजा की पुडिया बनाकर बेचती थी। मंगलवारा थाना पुलिस के मुताबिक बुधवार रात करीब 10 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक पुष्पा आपार्टमेंट के पास मादक पदार्थ की खेप किसी को देने के लिए पहुंचा है। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उसके पास पालीथिन में लपेट कर रखी 350 ग्राम चरस बरामद हुई। युवक की पहचान नारियलखेड़ा निवासी आकाश सोदा के रूप में हुई। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि वह चरस किसको देने के लिए वहां पहुंचा था। उधर शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मदर इंडिया कालोनी में रहने वाली 38 वर्षीय शकीला पत्नी शेख इकरार को गिरफ्तार कर उसके पास से 150 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी तरह कोहेफिजा थाना पुलिस ने सैफिया कालेज के मैदान से मदर इंडिया कालोनी निवासी 25 वर्षीय एजाज खान उर्फ लंगड़ा को 224 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उधर, गांधी नगर थाना पुलिस ने बुधवार शाम को एयरपोर्ट रोड पर एक जीप की तलाशी लेकर उससे 28 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने जीप जब्त कर ली है। शराब तस्करी के आरोप में अशोका गार्डन निवासी 39 वर्षीय योगेश जाधव एवं जहांगीराबाद निवासी 52 वर्षीय प्रहलाद सिंह को गिरफ्तार किया है।

उत्तर मध्य रेलवे

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मण्डल के बानमौर-मुरैना खंड की तीसरी लाइन का दिनांक 20.01.2023 का गति परीक्षण किया जाना है। दिनाँक 20.01.2023 को प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता, उत्तर मध्य रेल/प्रयागराज द्वारा इस खंड में गति परीक्षण के पश्चात इस खंड पर तीसरी लाइन तथा विद्युतीकरण संचालित कर दिया जाएगा। आस पास के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि विद्युत के तार और खम्भों से दूर रहें, रेल लाइन के आस पास न बैठे, और न ही अनाधिकृत रुप से पार करें एवं अपने मवेशियों को रेल पटरी से दूर रखें। ऐसा करना रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है और इसके लिये जुर्माना व जेल अथवा दोनो हो सकते हैं।

वरि.मण्डल संरक्षा अधिकारी, झाँसी

107/23 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @ CPRONCR

कार्यालय : रिटर्निंग अधिकारी अभियंता नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

(पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./739, दिनांक 26.04.1997)
क्रमांक/निर्वा./2023/02 दिनांक: 19.01.2023

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 03.02.2023, दिन शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे से स्थान- होटल स्मृति ग्राण्ट रोहित नगर चौराहा, महेन्द्रा पेट्रोल पम्प के पीछे, बावडियाकलां, जिला-भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी ''श्रीमती अखिलेष तोमर नैन मो.नं. 9827745560'' द्वारा दिनांक 27.01.2023 को दोपहर 1 से 03 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेंगे दिनांक 27.01.2023 को दोपहर 03 से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी उपरोक्त दोनों कार्यक्रम स्थान- संस्था कार्यालय अभियंता नगर, बावडियाकलां, जिला-भोपाल पर सम्पन्न होंगे तथा दिनांक 28.01.2023 को दोपहर 01 से 03 बजे तक स्थान- कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल पर नाम वापस लिये जा सकेंगे तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीड पोस्ट डाक द्वारा भेजी गई है।

अध्यक्ष
अभियंता नगर गृह निर्माण
सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन; (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (₹)	अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (₹)
झाँसी/टी डी/टेन्डर/ 2022/11	झांसी मण्डल के 06 नं0 लेबिल क्रासिंग गेट (झांसी-कानपुर खण्ड में लेबिल क्रासिंग गेट नं0 139, 170 एवं झांसी-मानिकपुर खण्ड में लेबिल क्रासिंग गेट नं0 385, 388, 485, 495) पर इण्टर लांकिंग कार्य हेतु ए0टी0 आपूर्ति का प्रावधान	₹ 3960129.76	₹ 79200.00

निविदा बन्द होने की तिथि :09.02.2023, 15:00 pm.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 09 माह

- निविदा दिनांक **09.02.2023** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 93/23 (ADM)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

सोशल मीडिया पर दोस्ती कर आरोपी ने बढ़ाई नजदीकियां

झांसा देकर युवती से ज्यादती शादी से मुकरा युवक

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से ज्यादती करने का मामला सामने आया है। दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया के जरिये हुई थी। बाद में दोनों के परिवार का घर आना-जाना हुआ। युवक ने शादी का प्रस्ताव दिया, जिसे युवती ने स्वीकार लिया। इस दौरान युवक ने बहाने से किराए के कमरे पर बुलाकर ज्यादती की। जब युवती ने शादी के लिए कहा, तो युवक ने मना कर दिया। एएसआई बोहरन सिंह ने बताया कि गौतम नगर की रहने वाली 23 साल की युवती की तीन साल पहले फेसबुक से घोड़ा नक्कास पर मोबाइल की दुकान पर काम करने वाले शाहिद खान नाम के युवक से पहचान हुई। शाहिद खान मूलतः सुल्तानपुर रायसेन का रहने वाला है। इसके बाद दोनों में बातचीत बढ़ी। एक दूसरे नंबर ले लिए। दोनों का मिलना-जुलना होने लगा। इस दौरान आरोपी शाहिद खान फरियादी के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे फरियादी ने स्वीकार कर लिया।

बहाने से बुलाया घर

दोनों के परिवारों में दोनों की शादी के लिए सहमति बन गई। इसी साल उनकी शादी होनी थी। इस दौरान आरोपी शाहिद ने 21 अगस्त 2022 को बाग दिलकुशा, ऐशबाग स्थित अपने किराए के मकान पर फरियादी को बहन से मिलवाने की बात कहकर बुलाया। जब फरियादी पहुंची, तो वहां कोई नहीं था।

विरोध के बावजूद बनाए संबंध फिर किया यौन शोषण

इस पर शाहिद ने बातचीत का बहाना करके बैठा लिया। फरियादी के विरोध के बावजूद संबंध बनाए। इसके बाद भी कई बार शोषण। जब फरियादी शादी की बात कहती, तो बहाना करके टाल देता। इसके बाद फरियादी ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गया। पुलिस ने शाहिद खान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी किराए का कमरा छोडक़र फरार हैं।

शाहजहांनाबाद : 21 दिन बाद अस्पताल में मौत

कलह में युवक ने लगाई फांसी

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

शाहजहांनाबाद इलाके में 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर जान दे दी। मृतक निजी गाड़ी चलाता था। घरेलू विवाद के बाद 28 दिसंबर 2022 को युवक घर में फंदे पर झूल गया था। उसे हमीदिया अस्पताल लेकर आए। जहां करीब 21 दिन चले इलाज के बाद बुधवार को युवक ने की मौत हो गई। प्रधान आरक्षक संतोष सिंह ने बताया कि ईदगाह वाजपेई नगर का रहने वाला था। देवराज सूर्यवंशी (24) पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ सूर्यवंशी निजी गाड़ी चलाता था। इसके पहले वो पुलिस वाहन चलाने का काम भी कर चुका है।

पारिवारिक कलह के तनाव से गुजर रहा था युवक

परिजनों ने पुलिस को बताया कि देवराज पुलिस की गाड़ी चलाता था। बीते साल मार्च 2022 में ही देवराज की शादी हुई थी। पत्नी देवराज को लेकर परिवार से अलग रहती थी। अगर देवराज मिलने आता तो काफी विवाद करती थी। पारिवारिक कलह के कारण एक सप्ताह पहले देवराज के पिता का निधन हो गया। साथ ही, बताया कि 28 दिसंबर को देवराज हमसे मिलने घर आया था। इसको लेकर भी पत्नी गुस्सा हुई थी। जब वो अपने घर गया उसके कुछ देर बाद ही उन्हें फांसी लगाने की सूचना मिली।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
City Division (East), Bhopal, Phone : 0755-2588305, 2588367, E-mail : cityeastbpl@gmail.com
No./DGM/CDE/PUR/23/6397 — Bhopal, Dated : 17.01.2023

OFFER FOR HIRE VEHICLE

MPMKVVCL hereby invites offers for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations :-

Name of Unit/Office	Type of vehicle	Due Date of Submission of offer	Opening Date & Time
Manager Industrial Gate Zone under City Dn. East, Bhopal	Type-C Mahendra Bolero Camper (Double Cabin) with Ladder Model-2023 for three shift	31.01.2023 up to 01:00 PM	31.01.2023 at 03:00 PM

Other Details terms and conditions are available in company website **portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/108223/2023 — Dy. GENERAL MANAGER (City Dn. East)

ई निविदा सूचना (चार्टड एकाउन्टेन्ट)

क्र. 673/भो.दु.सं./वित्त/2023 — भोपाल, दिनांक 19.01.2023

अल्पकालीन ई–निविदा 3rd Call

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा भोपाल में स्थित डेयरी संयंत्र में चार्टड एकाउन्टेन्ट हेतु अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जा रही है । निविदा फार्म मध्य प्रदेश शासन की www.mptenders.gov.in वेब–साइट से निविदा फार्म के मूल्य रूपये 1000/–का भुगतान कर डाउनलोड किया जा सकता है । निविदा की विस्तृत शर्त हेतु निविदा फार्म मध्य प्रदेश स्टेट को–आपरेटिव डेयरी फेडरेशन की वेबसाईट www.mpcdf.gov.in से भी मात्र पठन हेतु डाउनलोड किया जा सकता है ।

निविदा की मुख्य जानकारी निम्नानुसार है ।

	कार्य विवरण	अमानत राशि	निविदाफार्म डाउन लोडिंग की प्रारम्भ दिनांक व समय	निविदा दर भरने की अंतिम दिनांक व समय	निविदा खुलने की दिनांक व समय
(अ)	➢ टेक्सेशन कार्य, ➢ समवर्ती लेखा परीक्षण एवं आंतरिक अंकेक्षण कार्य,	50,000.00	20.01.2023 प्रातः 11:00 बजे	27.01.2023 दोपहर 03:00 बजे	28.01.2023 दोपहर 03:00 बजे
(ब)	➢ सेल्स ऑडिट कार्य, ➢ दुग्ध शीतकेन्द्रों का अंकेक्षण कार्य	50,000.00			
(स)	➢ टेक्स ऑडिट एवं जीएसटी ऑडिट कार्य	50,000.00			

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल

AARTECH SOLONICS LTD

AARTECH SOLONICS LIMITED

CIN:L31200MP1982PLC002030
Regd. Off.: E-2/57, ASHIRVAD, ARERA COLONY, BHOPAL,MADHYA PRADESH, 462016,INDIA
Email: treddy@aartechsolonics.com Website: www.aartechsolonics.com
Phone Number: +91-755-2463593/4276335

NOTICE OF POSTAL BALLOT THROUGH REMOTE E-VOTING

Notice is hereby given, in accordance with Section 108 and 110 of the Companies Act, 2013 (the 'Act') read with Rule 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ('Rules')and other applicable provisions, if any, Secretarial Standards on General Meetings (SS-2), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 **("Listing Regulations")** (including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force) and pursuant to provisions laid down in Chapter IX of Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 **("ICDR Regulations")**,read with the General Circular No. 14/2020 dated April 8, 2020, the General Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020, the General Circular No. 22/2020 dated June 15, 2020, the General Circular No. 33/2020 dated September 28, 2020, the General Circular No. 39/2020 dated December 31, 2020, the General Circular No. 10/2021 dated June 23, 2021, the General Circular No. 20/2021 dated December 08, 2021 and Circular No. 3/2022 dated May 5, 2022 issued by Ministry of Corporate Affairs (MCA)(collectively "MCA Circulars") and pursuant to other applicable laws and regulations the following special resolution is proposed to be passed by way of Postal Ballot only through remote e-voting:

1. **To Approve Migration of Equity Shares of the Company from SME Platform of BSE Limited ("BSE SME") to Main Board of BSE Limited ("BSE") and National Stock Exchange of India Limited ("NSE"):**

In compliance with the provisions of the Act and Listing Regulations, read with MCA Circulars, the Company has completed electronic dispatch of Postal Ballot Notice along with explanatory statement thereto as required under the provisions of Section 102 of the Act on 19th January, 2023 by email to all its shareholders holding shares as on Monday, 16th January, 2023 ("Cut-off date") and whose email id is registered with the Company/Registrar and Share Transfer Agent(RTA) / Depositories/ Depository Participant/s (DPs) to transact the business as set out in the Notice dated 19thJanuary 2023.

The Postal Ballot Notice is available on Company's website at www.aartechsolonics.comon website of the BSE Limited at www.bseindia.com and on the website of Bigshare Services Private Limited (Bigshare) at https://ivote.bigshareonline.com. No physical copy of Notice has been sent to Members and the communication of assent / dissent of Members will take place only through remote e-voting.

Voting rights of the Members has been reckoned as onMonday,16th January, 2023 which is the cut-off date and a person who is not a member as on the cut-off date shall treat this notice for information purpose only.

Members who have not registered/updated their e-mail ids are requested to register/update the same with their respective Depository Participant(s) or RTA Bigshare Services Private Limitedby visitinghttps://ivote.bigshareonline.comfor sending future communication(s) in electronic form.

All the members are informed that:

1. The business set forth in thenotice of Postal Ballot shall be transacted through electronic means.
2. The remote e-voting shall commence on 9:00 am on Saturday, 21st January, 2023.
3. The remote e-voting shall endat05:00 pm on Sunday, 19th February, 2023.The remote e-voting shall be disabled by Bigshare thereafter.Once the vote on a resolution is cast, a member shall not be allowed to change it subsequently.
4. The cut-off date is **Monday, 16th January, 2023** for determining the eligibility to vote by electronic means.

The Company has appointed CS Avadhesh Parashar (FCS-11543), Partner, APVN & Associates, Practicing Company Secretaries,to act as Scrutinizer for conducting the Postal Ballot through e-votingprocess in a fair and transparent manner.

The result of Postal Ballotwill be announced on or before Tuesday, 21st February, 2023 at the registered office and will also be displayed on the website of the Company i.e.,www.aartechsolonics.com,on the website of the stock exchange i.e., www.bseindia.comand on website ofBigshare Services Private Limited i.e., https://ivote.bigshareonline.com.For e-voting instructions, members may go through the instructions given in the Notice and in case shareholders/ investor have any queries regarding E-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ('FAQs') and i-Vote e-Voting module available at https://ivote.bigshareonline.com, under download section or you can email us to ivote@bigshareonline.com or call us at: 1800 22 54 22.

For AARTECH SOLONICS LIMITED
Sd/-
K RTanuj Reddy
Company Secretary& Compliance Officer

Place: Bhopal
Date : 20th January, 2023